अध्याय 6: बैंक और पैसा

हांगकांग की मुद्रा

दैनिक प्रचलन में आने वाले नोट HK$10, $20, $50, $100, $500 और $1000 में मूल्यवर्गित हैं। HK$20, $50, $100, $500 और $1000 के नोट तीन नोट जारी करने वाले बैंकों, हांगकांग एंड शंघाई बैंकिंग कार्पोरेशन लिमिटेड (The Hongkong and Shanghai Banking Corporation Limited), स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक (हांगकांग) लिमिटेड (Standard Chartered Bank (Hong Kong) Limited) और बैंक ऑफ चाइना (हांगकांग) लिमिटेड (Bank of China (Hong Kong) Limited) द्वारा जारी किए जाते हैं और 2018 में एक नई श्रृंखला जारी की गई थी। 2018 की इस नवीनतम श्रृंखला के बैंक नोट, पहले वर्षों में जारी किए गए नोटों के साथ, सभी वैध मुद्रा हैं और हांगकांग में दैनिक लेनदेन के लिए उपयोग किए जा सकते हैं। HK$10 के नोटों के लिए, 2002 से सरकार द्वारा जारी एक कागज का नोट और 2007 से सरकार द्वारा जारी एक पॉलीमर नोट उपलब्ध है।

सिक्के HK$10, $5, $2, $1, 50 सेंट, 20 सेंट और 10 सेंट के मूल्यवर्ग में जारी किए जाते हैं।

प्रचलित हांगकांग के नोटों तथा सिक्कों के विवरण के लिए कृपया हांगकांग मौद्रिक प्राधिकरण के समर्पित वेबपेज (https://www.hkma.gov.hk/eng/key-functions/money/hong-kong-currency/) पर जाएँ।

विनिमय दर

1983 से, हांगकांग डॉलर अमेरिकी डॉलर के साथ लगभग US$1 = HK$7.80 की दर से जुड़ा हुआ है। चूँकि हांगकांग डॉलर और अन्य मुद्राओं के बीच विनिमय दर दिन-प्रतिदिन बदलती रहती है, इसलिए विनिमय की वर्तमान दर जानने के लिए इंटरनेट, समाचार पत्र या अपने बैंक से जानकारी प्राप्त करना सबसे अच्छा है।

सलाह:

- बैंक और मुद्रा परिवर्तक (मनीएक्सचेंजर) कमीशन लेते हैं। इसी प्रकार, मेहमानों और ग्राहकों के लिए विनिमय सुविधा प्रदान करने वाले होटल और प्रमुख खुदरा दुकानें भी कमीशन लेती हैं।
- अन्य स्थानों की तरह, नकद तथा ट्रैवलर्स चेक की विनमय दर थोड़ी अलग होती हैं और सिक्कों का विनिमय नहीं हो सकता ।
- बैंकों और मुद्रा परिवर्तकों द्वारा पेश की गई विनिमय दर एक समान नहीं होती हैं। आपको उचित सौदा मिल रहा है या नहीं, यह जानने का सबसे अच्छा तरीका है विभिन्न बैंकों और मुद्रा परिवर्तकों द्वारा पेश की जा रही दरों की तुलना करना।
- मुद्रा परिवर्तकों द्वारा विनिमय की निवल दरों (कमीशन के बिना) का प्रदर्शन करना एक कानूनी दायित्व है। पैसा बदलने के लिए देने से पहले आपको विनिमय दरों तथा ट्रैवलर्स चेक के विनिमय के लिए देय अतिरिक्त कमीशन की राशि की जांच करने की सलाह दी जाती है। कानून अनुसार रसीदें जारी की जानी चाहिए।
- अगर आपको लगता है कि आपके साथ धोखाधड़ी हुई है, तो आप मदद के लिए पुलिस से संपर्क कर सकते हैं।

बैंक खाता खोलना

बैंक में खाता खोलते समय, आपको अपना पहचान दस्तावेज (उदाहरण के लिए, एक वैध यात्रा दस्तावेज या पहचान पत्र) तथा अन्य जानकारी बैंक को देनी होगी। आप हांगकांग मौद्रिक प्राधिकरण के समर्पित वेबपेज (https://www.hkma.gov.hk/eng/smart-consumers/account-opening) पर जा सकते हैं, जहां अन्य बातों के अलावा, खाता खोलने की प्रक्रिया, दस्तावेजीकरण और सूचना संबंधी आवश्यकताओं और हांगकांग में बैंकों के संपर्क विवरण के बारे में सामान्य जानकारी उपलब्ध है। इसके अलावा, अलग-अलग बैंकों की खाता खोलने की प्रक्रिया और दस्तावेजीकरण संबंधी आवश्यकताओं के बारे में बुनियादी जानकारी बैंकों की वेबसाइटों पर पोस्ट की जाती है और आप खाता खोलने के लिए बैंकों को उनकी विस्तृत आवश्यकताओं के बारे में भी पूछ सकते हैं।

सामान्यतः व्यक्तिगत खुदरा ग्राहकों के लिए बैंक खाता खोलने पर कोई शुल्क या प्रभार नहीं लगता है। बुनियादी बैंकिंग सेवाओं तक पहुँच को और सुगम बनाने के लिए, हांगकांग के अधिकतर खुदरा बैंकों ने व्यक्तिगत खुदरा ग्राहकों के लिए कुछ बैंक खातों

में अल्प-शेष राशि पर लगने वाले शुल्क हटा दिए हैं। हांगकांग के वे कुछ खुदरा बैंक जो अल्प-शेष राशि पर शुल्क लेते हैं, वे कमज़ोर ग्राहकों और कम आय वाले ग्राहकों के लिए लचीले बने हुए हैं, जैसे कि अल्प-शेष राशि पर लगने वाले शुल्क को माफ करना, या उन्हें बुनियादी बैंक खातों के उपयोग के संबंध में शाखा काउंटर सेवाओं तक नि:शुल्क पहुँच प्रदान करना। इसलिए, जब आप किसी बैंक में खाता खोलते हैं, तो आपको लागू हो सकने वाले किसी भी शुल्क और प्रभार के साथ-साथ बैंक की किसी भी छूट नीति का विवरण प्राप्त करने की सलाह दी जाती है।

बैंक खाते खोलने और अन्य बैंकिंग सेवाओं (उदाहरण के लिए, स्वचालित टेलर मशीनों के उपयोग पर सुरक्षा सुझाव, जमा सुरक्षा योजना, आदि) के बारे में सामान्य जानकारी बहासा इंडोनेशिया, हिंदी, नेपाली, पंजाबी, तागालोग, थाई, उर्दू और वियतनामी में हांगकांग मौद्रिक प्राधिकरण, हांगकांग बैंक संघ और समान अवसर आयोग की वेबसाइटों पर उपलब्ध है।

घर पैसा वापस भेजना

अपने परिवार को घर पैसा वापस भेजते समय, सबसे उत्तम सलाह यही है कि अपने देश के किसी ऐसे बैंक की तलाश करें जिसकी हांगकांग में शाखाएँ हों, क्योंकि उनके पास विशेष विप्रेषण सुविधाएँ हो सकती हैं। यदि नहीं, तो हांगकांग स्थित बैंक का उपयोग करें जिसकी आपके देश में शाखाएँ हों।

भारत		
Bank of India	2/F, Ruttonjee House 11 Duddell Street, Central, Hong Kong	2524-0186
HDFC Bank Limited	Suite 1707, 17/F, Tower 1, The Gateway, Harbour City, 25 Canton Road, Tsim Sha Tsui, Kowloon	3107-2972
ICICI Bank Limited	Units 1504B-1505, Level 15 International Commerce Centre 1 Austin Road West, Kowloon	2234-2600

Indian Overseas Bank	3/F, Ruttonjee House 11 Duddell Street, Central, Hong Kong	2522-7157
State Bank of India	15/F, Central Tower 28 Queen's Road Central, Hong Kong	2523-3166
UCO Bank	Unit A & B, 2/F, Astoria Building, 34 Ashley Road, Tsim Sha Tsui, Kowloon	2524-9240
इंडोनेशिया		
PT. Bank Negara Indonesia (Persero) TBK.	G/F, Far East Finance Centre 16 Harcourt Road, Central, Hong Kong	2529-9871
PT. Bank Mandiri (Persero) TBK.	7/F, Far East Finance Centre 16 Harcourt Road, Central, Hong Kong	2877-3632
पाकिस्तान		
National Bank of Pakistan	Units 1804-1805, 18/F, FWD Financial Centre, 308-320 Des Voeux Road Central, Hong Kong	2541-5321
फिलीपींस		
BDO UNIBANK, INC.	Suite 1001, 10/F, Central Tower, 28 Queen's Road Central, Hong Kong	2868-0323
Philippine National Bank	Unit 02, 9/F, Tung Wai Commercial Building, 109-111 Gloucester Road Wan Chai, Hong Kong	2543-7171
थाईलैंड		
Bangkok Bank Public Company Limited	Bangkok Bank Building 28 Des Voeux Road Central, Hong Kong	2801-6688
Kasikornbank Public Company Limited	Unit 3316, 33/F China Merchants Tower, Shun Tak Centre 168-200 Connaught Road Central Hong Kong	2526-6811

The Siam Commercial Bank Public Company Limited	Suites 3209, 32/F, Jardine House 1 Connaught Place Central, Hong Kong	2524-4085

सलाह:

- हांगकांग में कोई विनिमय नियंत्रण नहीं है, इसलिए आप अपनी इच्छानुसार जितना चाहें उतना पैसा ला सकते हैं या भेज सकते हैं।
- अंतर्राष्ट्रीय टेलीग्राफिक ट्रांसफर तेज और कुशल हैं। हांगकांग के सभी प्रमुख बैंक आपके लिए यह सेवा प्रदान कर सकते हैं।
- टेलीग्राफिक ट्रांसफर या बैंक ड्राफ्ट के जरिए अमेरिकी डॉलर में पैसे भेजें - डाक द्वारा या अपने देश वापस जाने वाले किसी अन्य व्यक्ति के जरिए नकद न भेजें।